सं 05/10/2019 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी – II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 15 जुलाई, 2020

कार्यालय आदेश

राजभाषा विभाग के दिनांक 4 दिसम्बर, 2019 के कार्यालय आदेश सं. 05/10/2019 – रा. भा. (सेवा) के संदर्भ में 65 वरिष्ठ अनुवाद अधिकारियों को तदर्थ आधार पर सहायक निदेशक (रा. भा.) के पद पर पदोन्नति दी गई थी।

2. सुश्री मंगलम कुरियाकोज, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को तदर्थ आधार पर पदोन्नति देते हुए सहायक आसूचना ब्यूरो, चेन्नई से केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली में तैनाती दी गई थी। सुश्री मंगलम कुरियाकोज के द्वारा दिनांक 30 अप्रैल, 2020 तक पदोन्नति स्वीकार करने में अस्मर्थता को स्वीकार करते हुए राजभाषा विभाग के दिनांक 16 अप्रैल, 2020 के कार्यालय आदेश सं. 05/10/2019 – रा. भा. (सेवा) के तहत 30 अप्रैल, 2020 तक वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर स्थापित रहने संबंधी आदेश जारी किए गए थे।

3. कोविड – 19 के कारण सुश्री मंगलम कुरियाकोज, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के आवेदन पर विचार करते हुए उन्हें 30 जून, 2020 तक सहायक आसूचना ब्यूरो, चेन्नई में वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर बने रहने की अनुमति प्रदान की गई थी।

4. सहायक आसूचना ब्यूरो , चेन्नई से अनुरोध किया जाता है कि सुश्री मंगलम कुरियाकोज, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को दिनांक 17 जुलाई, 2020 (अपराह्न) से सहायक आसूचना ब्यूरो, चेन्नई से कार्यमुक्त करें। सहायक आसूचना ब्यूरो, चेन्नई द्वारा कार्यमुक्त न किए जाने की स्थिति में भी उनको दिनांक 17 जुलाई, 2020 (अपराह्न) से स्वत: कार्यमुक्त समझा माना जायेगा।

5. वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी की वर्तमान तैनाती के मंत्रालय/ विभाग से अनुरोध है कि उपरोक्त अधिकारी को कार्यमुक्त करते हुए उनकी तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का निदेश दें, इनकी सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज संबंधित मंत्रालय/ विभाग में सीधे भिजवा दिए जाएं।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

(एन श्रीवास्तव)
अवर सचिव (सेवा)

सेवा में,

1. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), आसूचना ब्यूरो मुख्यालय, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।
2. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), सहायक आसूचना ब्यूरो, No. 29, Papanasam, Sivam Salai, Santhome, Mylapore, Chennai -- 600004
3. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), केन्द्रीय जल आयोग, सेवा भवन, नई दिल्ली।
4. सुश्री मंगलम कुरिआकोज, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, सहायक आसूचना ब्यूरो, No. 29, Papanasam, Sivam Salai, Santhome, Mylapore, Chennai - 600004
5. श्री नगेंद्र सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।